## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोबाइल दुकान से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम खौना तिगड्डा चौक के पास मोबाइल दुकान के रोशन दान से अंदर प्रवेश कर दो युवकों ने 10 नग मोबाइल और नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनेश राय 21 वर्ष देवगांव खरोरा का रहने वाला है। प्रार्थी ग्राम खौना के तिगड्डा चौक के पास मोबाइल दुकान चलाता है। बताया जाता है कि 17 अक्टूबर को आरोपी चंद्रशेखर धृतलहरे व सुनील धृतलहरे नरे प्रार्थी के मोबाइल दुकान में रोशन दान से प्रवेश किया और 10 नग मोबाइल व नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### रिसेप्शन पार्टी से जेवर पार

**रायपुर (आरएनएस)।** आमोर पार्क तेलीबांधा में आयोजित रिसेप्शन पार्टी से अज्ञात चोर ने 2 नग सोने का अंगुठी, 3 नग चांदी का पायल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उत्कर्ष मिश्रा 25 वर्ष कचना खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के यहां आमारे पार्क तेलीबांधा में शादी रिसेप्शन पार्टी चल रहा था। जहां अज्ञात चोर ने स्टेज पर मिले उपहार में से 2 सोने की अंगुठी और 3 चांदी का पायल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के असपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बिल्डिंग से कुदकर युवक ने खुदकुशी

**बिलासपुर (आरएनएस)।** सरकण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत पाम इन्क्लेव कालोनी के दूसरी मंजिल के एक फ्लैट के बालकनी से कूदकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। घटना शनिवार की सुबह 10 बजे के लगभग की है। घटना का वीडियो भी सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है, वही इस घटना की जानकारी लगते ही कालोनी में सनसनी फैल गई और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया, वही परिजनों को इसकी सूचना दी गई। मृतक युवक की पहचान जशपुर जिले के बगीचा निवासी विपिन अग्रवाल 30 वर्ष के रूप में हुई है, वही यह भी जानकारी मिली है कि मृतक प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था, घटना के वक्त क्या हुआ और युवक ने ऐसा क्यों किया इसकी जांच में पुलिस जुट गई है।

### अवैध मुरूम उत्खनन में संलग्न 2 चैन माउंटेन मशीन और 3 हाइवा जब्त

**गरियाबंद (आरएनएस)।** गोबरा नवापारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोरभ_ी में राजस्व विभाग ने छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध मुरूम उत्खनन में संलग्न 2 चैन माउंटेन मशीन और 3 हाइवा को जब्त किया है। उक्त कार्रवाई एसडीएम रवि सिंह के नेतृत्व में की गई। ईधर कार्यवाही के बाद मुरूम का अवैध उत्खनन करने वालों के बीच हडक़ंप मच गया है। जानकारी के अनुसार एसडीएम सिंह को ग्राम घोरभठ्ठी में अवैध मुरूम उत्खनन की शिकायत मिली थी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे तो खसरा नंबर 128 में अवैध मुरूम उत्खनन चल रहा था। पूछताछ करने पर पता चल कि उत्खनन कर रहे लोगों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था। जिसके बादअवैध मुरूम उत्खनन में लगे 2 चैन माउंटेन और 3 हाइवा को जब्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान गोबरा नवापारा तहसीलदार सूरज बंछोर, नायब तहसीलदार आलोक वर्मा, राजस्व निरीक्षक, पटवारी आदि लोग उपस्थित थे। बताया जा रहा है उक्त गांव से पिछले 15 दिनों से लगातार अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था। इसके बावजूद खनिज विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी।

# एचटीपीपी कर्मियों ने कबाड़ से बनाया विक्रम लैंडर व साइलो माडल सुंदर कलाकृति प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**कोरबा । आरएनएस**

संरक्षा विभाग हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम (एचटीपीपी) के तत्वावधान में संयंत्र में मौजूद अपशिष्ट पदार्थों (स्क्रैप मटेरियल) को सुंदर कलाकृति का स्वरूप प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर संयंत्र के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन कर एक से बढक़र एक सुंदर कलाकृति निर्मित की। इसमें चंद्रयान उपग्रह के साथ विक्रम लैंडर एवं प्रज्ञान रोवर, प्रगति चक्र, कैनन द प्राइड, स्वदेश निर्मित हल्के लड़ाकू विमान - तेजस के प्रोटोटाइप लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही संयंत्र की 500 मेगावाट विस्तार इकाई में स्थित ऐश हैंडलिंग प्लांट के साइलो माडल, रिले टेस्ट बोर्ड, हाट एयर सर्कुलेशन लैंप, अलंकारी सामग्रियों, सुरक्षित कामगार, सुरक्षित पर्यावरण पर आधारित प्रदर्शनी के साथ ही बरगद के वृक्ष, सूरजमुखी के पौधे एवं बैल गाड़ी की प्रतिकृति द्वारा देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुंदर एवं सजीव चित्रण किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायकों में सुधीर रेगे (सेवानिवृत्त, मुख्य अभियंता, सीएसईबी), नलिनी राव सिविल अभियंता, सस्टेनेबिलिटी प्रोजेक्ट, सिंगापुर, मधुलिका दबे प्रबंधक, पावर ग्रिड, बिलासपुर द्वारा चंद्रयान- तीन एवं स्टीम टर्बाइन माडल के लिए संयंत्र के टरबाइन मेंटेनेंस डिपार्टमेंट - एक एवं तीन को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, प्रगति चक्र, कैनन द प्राइड एवं सूरजमुखी की घूमती प्रतिकृति के लिए बायलर मेंटेनेंस डिपार्टमेंट-दो, इलेक्ट्रिकल एंड टेस्टिंग डिपार्टमेंट- एक एवं ऐश हैंडलिंग डिपार्टमेंट- एक को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा लाइट काम्बैट एयरक्राफ्ट- तेजस के लिए ऐश हैंडलिंग डिपार्टमेंट- दो को तृतीय स्थान प्रदान किया गया।




इसी अनुक्रम में बैल गाड़ी, बरगद वृक्ष, सेफ वर्कमेन, ई- पौधे, साइलो माडल एवं एनडीसीटी के लिए क्रमश: कोल हस्तांतरण शाखा आंतरिक-यांत्रिकी सुधार, बायलर मेंटेनेंस डिपार्टमेंट-एक, स्टोर, इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग एंड इंस्ट्रूमेंटेशन-तीन, ऐश हैंडलिंग दो, टरबाइन मेंटेनेंस डिपार्टमेंट-तीन को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह कार्यपालक निदेशक उत्पादन संजय शर्मा एवं संकल्प महिला मंडल, एचटीपीपी की अध्यक्षा निहारिका शर्मा ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को सम्मानित किया। साथ ही अपशिष्ट पदार्थों के कुशल प्रबंधन एवं रिसाइक्लिंग द्वारा उनकी वजह से पर्यावरण पर पडऩे वाले हानिकारक प्रभावों को न्यूनतम स्तर पर लाने का संदेश दिया गया।

इस प्रकार राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित कबाड़ से जुगाड़ (स्क्रैप टू स्कल्पचर) प्रतियोगिता का विधिवत समापन संयंत्र के प्रशासनिक भवन प्रांगण में संपन्न हुआ। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके स्वैन, भुवनेश्वर प्रसाद, पी भास्कर राव, सुधीर कुमार पंड्या, एमएस खान, एमके गुप्ता, आरके पांडे समेत संकल्प महिला मंडल की कार्यकारिणी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम के आयोजकों का उत्साहवर्धन किया।

## पड़ोसी ही निकला चोर : हजारों के सोना-चांदी को चोरी कर छुपा कर रखा था विगत दो वर्षो तक, गरियाबंद पुलिस द्वारा चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गरियाबंद । आरएनएस**

पुलिस कप्तान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के दिशा-निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर एवं एसडीओपी बाजी लाल सिंह अनुविभाग मैनपुर के मार्ग दर्शन में थाना मैनपुर पुलिस द्वारा चोरी के आरोपी को 24 घण्टा के अन्दर गिरफ्तार कर आरोपी द्वारा चुराये गये सोना-चांदी के जेवर को बरामद कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थिया ने थाना मैनपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की 30 जून से 1 जुलाई 2022 के दरम्यानी दिन में अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में रखे चांदी के जेवर एक जोडी चांदी के पहुची किमती 10000/रु, दो जोडी चांदी की बिछिया किमती 1000/रु एक नग चांदी की करधन किमती 5000/रु,एक जोडी चांदी के पैठी किमती 8000/रु सोने की 14 नग लॉकेट किमती 42000/रु, एवं नगदी रकम 16800/रु को घर कमरे में लोहे के संदूक में रखा था तथा मै दिनांक 30 जून 22 को अपनी मायके झरियाबाहरा गयी थी और मेरे पति काम पर गया था घर वापस आने पर अपने कमरे में रखे लोहे के संदूक में लगा ताला टूटा हुआ तथा संदूक में रखे सोना-चांदी का जेवर व नगदी रकम नही था।जिसे आसपास पता तलाश किया पता नही चला तभी चोरी गये सोना-चांदी जेवर को उसकी पडोसी हलधर मरकाम की पत्नि भोज बाई के द्वारा पहने जाने देखने पर अपने जेवर जैसा प्रतीत होने पर प्रार्थिया द्वारा थाना मैनपुर रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 38/24 धारा 454,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान प्रार्थीया एवं गवाहो का कथन लिया जाकर आरोपी हलधर मरकाम से घटना के संबंध व चोरी गये मशरूका के संबंध में पूछताछ कर धारा 27 साक्ष्य अधिनियम अंतर्गत मेमोरण्डम कथन लिया गया जिन्होने घटना दिनांक 30 जून 22 को प्रार्थिया के घर कमरे में घूस कर संदूक में रखे सोना-चांदी जेवर को चोरी करना अपराध घटित करना व प्रकरण में चोरी गये सोना-चांदी को आरोपी के कब्जे से चोरी गये मशरूका एक जोडी चांदी के पहुंची,दो जोडी चांदी की बिछिया,एक नग चांदी की करधन एक जोडी चांदी के पैठी,सोने की 14 नग लॉकेट कुल किमती 66000/रु को बरामद कर समक्ष गवाहन के जप्त किया जाकर आरोपी द्वारा अपराध घटित करने व जुर्म स्वीकार करने पाये जाने पर आरोपी हलधर मरकाम पिता स्व धनिराम उम्र 40 साल साकिन बेगरपाला थाना मैनपुर को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवही में निरी. शिवशंकर हुर्रा, सउनि यदुराज ठाकुर, प्राआर.चूड़ामणि देवता,आर. भगवान नेता आर,कोमल धृतलहरे,आर यादराम पटेल, आर. मोती लाल,आर.राउमण साहूकार की भूमिका रही।

## रेलवे ट्रैक में मिला क्षत-विक्षप्त शव

**कोरबा-रायपुर । आरएनएस**

शहर के टीपी नगर के निकट रेलवे ट्रेरक में एक व्यक्ति का क्षत-विक्षप्त शव मिला है। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन से कटकर उसकी मौत हुई है। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव चीरघर भिजवा दिया है तथा प्रकरण जांच में लिया है।

सूत्रों ने बताया कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ट्रांसपोर्ट नगर के पास एक व्यक्ति का शव पाया गया है। मालगाड़ी से कटकर उसने अपनी जान दी है या फिर वह हादसे का शिकार हो गया है, इसका खुलासा अभी नहीं जो पाया है। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र की है। कोरबा में टीपी नगर और सीएसईबी चौक के मध्य मालगाड़ी से कटकर एक व्यक्ति ने अपनी जान दे दी है। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं मृतक की हादसे में मौत हुई है, या फिर उसने खुदकुशी करने की मंशा से यह कदम उठाया है, इस बात का भी पता नहीं चल सका है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ जुट गई। रात करीब 11 बजे सामने आई इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## अवैध गांजा परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गरियाबंद (आरएनएस)।** अगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्दे नजर जिला क्षेत्र में हो रहे अवैध रूप से गाजा, शराब व अन्य नशीले पदार्थो के अवैध तस्करी को रोकने के लिए जिले के पुलिस कप्तान के द्वारा लगातार कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किए है। उक्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी गोपाल वैश्य के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु डी0एस0पी प्रवीण भारती थाना प्रभारी थाना छुरा के नेतृत्व में थाना छुरा के उप निरी0 दिलीप मेश्राम,व अन्य स्टाफ को लेकर धरपकड की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से गांजा परिवहन करने वाले के खिलाफ थाना छुरा में अपराध कमांक कमश: 112/2024,धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। जिसमें आरोपी सुन्दर दीवान पिता स्व.हिच्छा राम दीवान निवासी बोडराबांधा थाना छुरा के कब्जे से कुल 2.982 के0ग्रा0 कुल कीमत 29820 रूपया का अवैध गांजा एवं एक नीला रंग का मोटर सायकल हीरो स्पेलेण्डर प्लस बरामद किया गया।आरोपी का कृत्य नारकोटिक एक्ट का घटित करने पाया जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।अभियान लगातार जारी रहेगा।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रवीण भारती के नेतृत्व में उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम,प्रआर लक्ष्मण चन्द्रवंशी,आर0रिजवान कुरैशी,आर0 डिगेश्वर,आर0 अखिलेश वैष्णव,आर0 उमाशंकर साहू,आर0 टिकेश्वर यादव व स्पेशल टीम गरियाबंद की सराहनीय भूमिका रही।

## दीवारों पर नारा लिखकर मतदाताओ को जागरूक कर रहा जिला प्रशासन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



जिले के सभी मतदाताओं को जागरूक और मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर परियोजना निदेशक पंचायत सह नोडल अधिकारी मतदाता जागरूकता अभियान हरिशंकर चौहान के निर्देशन में जिले के गांवों शहरों के दीवारों पर नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू द्वारा गाँव–गाँव में जमीनी स्तर पर आमजन को ज्यादा से ज्यादा मताधिकार के उपयोग के लिए जागरुक और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये है, जिसके तहत मैदानी अमलो द्वारा विभिन्न स्वीप गतिविधियाँ जिले में संचालित करते हुए लोगो को जागरुक किया जा रहा है और मतदाता सामूहिक शपथ का आयोजन भी किया जा रहा है। दीवारों में नारा लिखा गया, उनमें प्रमुख रूप से है। सोच समझकर बटन दबाना, बहकावे में कभी ना आना''।। वोटर लिस्ट में नाम लिखायें, ईपिक कार्ड सभी बनवाएं।। मत देना अपना अधिकार, बदले में ना लो उपहार।। एक वोट से होती है जीत हार, वोट न कोई बेकार।।

## प्रीति जांगड़े की संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

❒ **एसबीएस कालोनी चीपहाउस में मिला था शव**

**कोरबा । आरएनएस**

23 वर्षीय प्रीति जांगड़े की संदिग्ध मौत के पीछे का असली सच आखिर क्या था, यह जानने को परिजन और रिश्तेदार के साथ-साथ पड़ोसी बेताब हैं। पांच दिन बीतने पर भी मृतका की शव परीक्षण रिपोर्ट पुलिस के पास नहीं पहुंची है। उसका इंतजार किया जा रहा है। डॉक्टर के अभिमत के आधार पर पुलिस इस मामले में आगे बढ़ेगी।

सारंगढ़ जिला अंतर्गत बिलाईगढ़ की रहने वाली प्रीति का विवाह 8 महीने पहले ही एसबीएस कालोनी चीपहाउस के निवासी गौरव जांगड़े से हुआ था। विवाह के एक वर्ष भी पूरे नहीं हुए कि प्रीति अप्रत्याशित रूप से चल बसी। ससुराल में एक कमरे में उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। होली की अगली रात हुई इस घटना ने लोगों को चैकाया। यहां से मिली सूचना पर मायके पक्ष के लोग कोरबा पहुंचे। मानिकपुर पुलिस ने प्रक्रियाओं के अंतर्गत प्रकरण में कार्यवाही की। मामला चूंकि नवविवाहिता की संदिग्ध मौत से जुड़ा हुआ था इसलिए विशेष रूप से महिला चिकित्सक सहित पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। नियमों के अंतर्गत इस मामले में शव परीक्षण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई गई। लगभग एक सप्ताह बीतने को है लेकिन अब तक पुलिस के पास इस मामले को लेकर शार्ट पीएम रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे कि यह पता चल सके कि नवविवाहिता प्रीति जांगड़े की मौत के परिप्रेक्ष्य में असली कारण क्या था। घटना स्थल पर उसका शव मिला होने से यही माना गया कि मामला आत्महत्या का है लेकिन आसपास में जिस तरह की चर्चाएं हैं उससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार विवाह के कुछ महीने बाद ही प्रीति को प्रताडित किया जा रहा था और इसे लेकर उसने अपने घर पर जानकारी भी दी थी। इसलिए मामला कुल मिलाकर उलझा हुआ है। शुरू से ही आरोप का दौर जारी है। मृतका के परिजन मानने को तैयार नहीं हैं कि उसने आत्महत्या की है। इसलिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट में क्या कुछ मिला, इसे जानने की उत्सुकता संबंधितों को है। तथ्यों के आधार पर पुलिस प्रीति जांगड़े की संदिग्ध मौत की जांच की दिशा बदल सकती है।

## बच्चों को संस्कारी, स्मार्ट और शार्प बनाना है तो आपके बच्चे के लिए है यह अनूठा कोर्स

❒ **बेंगलुरु से आई हैं इंटरनेशनल फेकल्टी श्रेया चुग, साथ में हैं वंडर ब्वॉय अनिमेष**

**दुर्ग । आरएनएस**

बच्चों को संस्कारी, स्मार्ट और शार्प बनाना है तो यह कोर्स आपके लिए है। जलाराम वाटिका पुलगांव में दो दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग का इंट्यूशन (प्रजना योग) कोर्स शुरू हुआ है। केवल दो दिनों के कोर्स और प्रतिदिन मात्र 20 मिनट के अभ्यास से वह सब कुछ पा सकते हैं जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की है। ऐसा बच्चा केवल आपके परिवार के लिए नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए उपयोगी होगा। यह कोर्स लेने बेंगलुरु से आई हैं इंटरनेशनल फेकल्टी श्रेया चुग और सहयोगी हैं छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ प्रशिक्षिका डॉ शैलजा चंद्राकर।

इंटरनेशनल फेकल्टी श्रेया चुग ने बताया कि कोर्स में सिखाये तकनीक से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। उनकी पढ़ाई में सुधार आता है। इन सबके साथ उन्हें आगे बढऩे की एक सही दिशा मिलती है। बच्चे के दिमाग में सही समय पर सही विचार आते हैं। मेमोरी तीक्ष्ण होती है। उन्होंने कहा निरंतर अभ्यास से बच्चों का समग्र विकास होता है। उसे अच्छे बुरे की समझ होने लगती है। उनके व्यक्तित्व का विकास होगा।

छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ प्रशिक्षिका डॉ शैलजा चंद्राकर ने बताया कि यह कोर्स 8 से 18 साल बच्चों के लिए है। बच्चों के लिए इसलिए क्योंकि उनमें ग्रहण करने और सीखने की क्षमता होती है। वैसे बुद्धि सबमें है केवल उसे तराशने की आवश्यकता होती है। ध्यान और विभिन्न सिखाये तकनीकों से यह किया जा सकता है। उनके साथ हैं वंडर ब्वॉय अनिमेष माजी, जो इस विद्या का अभ्यास बीते आठ सालों से कर रहे हैं।

**एक हजार प्रकरणों में पुलिस को किया सहयोग -** अनिमेष ने पत्रकारों के समक्ष डेमो भी किया। उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने आंखों पर पट्टी बांध कर बड़ी आसानी से सब कुछ बता दिया जैसे खुली आंखों से देखा है। अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस विद्या को सीखने से पहले वह दिन रात मेहनत करके भी रिजल्ट अच्छा नहीं ला पाता था लेकिन अब उसे कई चीजों का इंट्यूशन हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस विद्या के अभ्यास से बच्चे बेहतर कर सकते हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री रविशंकर का विजऩ है कि यह विद्या सीखकर बच्चे अपने परिवार के साथ समाज के लिए उपयोगी बनें। अनिमेष ने बताया कि उनकी तरह और भी बच्चे हैं जो अलग-अलग विधाओं में एक्सपर्ट हैं। उन्होंने बताया कि उनके चारों तरफ हो रही घटनाओं के प्रति सजगता आ जाती है। किसी घटना-दुर्घटना को सुलझाने में उन्होंने महाराष्ट्र और कर्नाटक में पुलिस की परोक्ष रूप से मदद की है। उनकी सहायता से पुलिस को फिजिकल एवीडेंस जुटाने में सफलता मिली है। अनिमेष के साथ उनकी मां अंजना माजी भी आई हैं।

कोर्स आयोजन में आर्ट ऑफ लिविंग वरिष्ठ प्रशिक्षक हरजीत सिंह, अमन बेलचंदन, वैशाली बढ़े, रश्मि जुनेजा, सारिका गुप्ता सहित दुर्ग-भिलाई के अन्य प्रशिक्षकों का सक्रिय सहयोग रहा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छतीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU